जमशेदपुर में मुफ्त जल कनेक्शन

चर्चा में क्यों?

जमशेदपुर **अधिसूचित क्षेत्र समिति (JNAC) ने जमशेदपुर** में गरीबी रेखा से नीचे (BPL) रहने वाले परिवारों को **मुफ्त जल कनेक्शन** उपलब्ध कराने के लिये एक महत्त्वपूर्ण पहल की घोषणा की है।

- **इसके अतिरिक्त, इन परिवारों को पानी के शुल्क** पर **50% की छूट** मिलेगी, जिससे आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों के लिये पानी अधिक सुलभ हो जाएगा।

मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य** :
  - यह पहल सरकार के 'हर घर स्वच्छ जल' **अभियान के अनुरूप है,** जिसका उद्देश्य शहर में जीवन स्तर में सुधार लाना और जल प्रबंधन को सुदृढ़ करना है।
- **विशेष टीम का गठन** :
  - प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये, **JNAC** ने **विशेष अधिकारी, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, राजस्व अधिकारी** और **नगर प्रबंधक** जैसे अधिकारियों वाली **पाँच सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है।** इस टीम को पात्र BPL परिवारों की पहचान करने और योजना में उनके नामांकन की सुविधा प्रदान करने का काम सौंपा गया है।
- **घर-घर जाकर पहचान** :
  - विशेष टीम **पात्र BPL परिवारों की** पहचान करने और उनकी सहायता करने के लिये **घर-घर जाएगी** तथा यह सुनिश्चित करेगी कि लाभ इच्छित प्राप्तकर्ताओं तक पहुँचे।
- **वित्तीय बोझ कम करना:**
  - **इस विकास से कम आय वाले परिवारों को कम लागत पर आवश्यक जल सेवाएँ** प्रदान करके उन पर वित्तीय बोझ कम होने की उम्मीद है।

नोट: जमशेदपुर **अधिसूचित क्षेत्र समिति (JNAC) की स्थापना बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या 6068** द्वारा **25 जून, 1924** को की गई थी। यह जमशेदपुर शहर के लिये **नागरिक निकाय के रूप में कार्य करता है** और स्वच्छता बनाए रखने के लिये झारखंड में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/free-water-connection-in-jamshedpur